# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 अप्रैल 2019

**भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी की कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु**

**2019 के आम चुनाव के पहले दो चरणों में  देश की जनता ने जिस उत्साह से मतदान किया है और देशभर से जो सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं, उससे स्पष्ट है कि वे नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए कृतसंकल्पित है**

*********************

**पश्चिम बंगाल में भी प्रथम दो चरणों के मतदान के रुझान से स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रचंड लहर है और पश्चिम बंगाल की जनता प्रदेश में एक बड़ा परिवर्तन करने जा रही है। हम 'सोनार बांग्ला' के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं**

*********************

**चाहे आतंकवाद की समस्या हो, एनआरसी का मुद्दा हो, सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल हो, या फिर धारा 370 और 35A को हटाने की बात - भारतीय जनता पार्टी की इन मुद्दों पर क्रिस्टल क्लियर पॉलिसी है**

*********************

**धारा 370 और 35 ए के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर हम धारा 370 और 35 ए को हटा कर रहेंगे**

*********************

**एनआरसी को पूरे देश भर में कार्यान्वित करके राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल रजिस्टर्स ऑफ़ सिटीजंस की रचना की जायेगी और अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उसे देश से बाहर निकाला जाएगा**

*********************

**सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से अपने धर्म, सम्मान और प्राणों की रक्षा के लिए आये हुए हुए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, क्रिश्चियन आदि शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देकर उन्हें ससम्मान जीने का अधिकार दिया जाएगा**

*********************

**आतंकवाद के खिलाफ हमारी शुरू से ही 'जीरो टॉलरेंस की नीति है और हम इसी नीति पर आगे बढ़ते रहेंगे**

*********************

**पश्चिम बंगाल में हुए दो चरणों के मतदान के बाद ममता बनर्जी की बौखलाहट और उनकी हार स्पष्ट नजर आ रही है। इसी हताशा में ममता बनर्जी कभी चुनाव आयोग तो कभी केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही हैं**

****************

**पश्चिम बंगाल में सभी लोकतांत्रिक मूल्यों का दमन करने वाली ममता बनर्जी आज यदि लोकतंत्र की बात कर रही हैं तो सुनकर अच्छा लग रहा है कि कम से कम आज उन्हें लोकतंत्र की याद तो आ रही है**

****************

**हमारी रैलियों और हमारे नेताओं के हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति न देने वाली ममता बनर्जी की ऐसी स्थिति हो गयी है कि उनकी रैली को जनता अनुमति नहीं दे रही है, कई जगह उन्हें रैलियाँ रद्द कर पैदल मार्च करने को विवश होना पड़ा है क्योंकि उनकी रैली में भीड़ नहीं जुट पा रही है**

****************

**ममता बनर्जी ने मतदाताओं के बीच भय का माहौल पैदा करने का प्रयास किया है लेकिन मैं पश्चिम बंगाल के मतदाताओं का धन्यवाद करते हुए उन्हें आश्वासन देना चाहता हूँ कि चुनाव आयोग के तत्वाधान में पक्षपातरहित चुनाव हो रहा है और वे बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग करें**

****************

**ममता बनर्जी की वोट बैंक राजनीति के तहत तुष्टिकरण की नीति ने पश्चिम बंगाल की संस्कृति को तहस-नहस करने का काम किया है। नारदा, शारदा और सिंडिकेट राज ने पश्चिम बंगाल में जो भ्रष्टाचार का माहौल बनाया है उससे पश्चिम बंगाल की जनता त्रस्त है**

****************

**पश्चिम बंगाल में पुलिस और नौकरशाह लोकतंत्र के अपने दायित्व को छोड़कर राजनेता की भूमिका में आ गए हैं। राजनेता मौन हैं और पुलिस-नौकरशाह ही व्यवस्था चला रहे हैं, यहाँ की बाबूशाही पश्चिम बंगाल के लोकतंत्र को हड़प गई है**

****************

**पिछले 5 सालों में देश की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल, निर्णायक, पारदर्शी और संवेदनशील नेतृत्व क्षमता को अनुभव किया और उसे स्वीकारा भी है**

****************

**2022 में जब देश आजादी की 75वीं वर्षगाँठ मना रहा होगा,** देशमें एक भी व्यक्ति, एक भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास अपना घर और घर में बिजली, गैस, पीने का पानी और शौचालय न हो

****************

**देश की सुरक्षा के लिए कठोर फैसले लेने, देश के अर्थतंत्र को पटरी पर लाने और भ्रष्टाचार को नेस्तनाबूद करने का नेतृत्व करने वाला व्यक्तित्व नरेन्द्र मोदी के रूप में आज देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है और हमें गर्व है कि वे भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के सर्वमान्य नेता हैं**

********************

**विपक्ष के पास नेतृत्व का अभाव है। विपक्ष का न नेता स्पष्ट है और न नीति। एक ओर, पिछले 5 सालों में एनडीए सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए किये गए ठोस काम हैं तो दूसरी ओर विपक्ष के केवल और केवल खोखले वादें हैं और इसके बीच देश की जनता को निर्णय करना है**

********************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज कोलकाता में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया और प्रदेश की ममता सरकार पर जमकर हमला करते हुए पश्चिम बंगाल की जनता से भयमुक्त मतदान की अपील भी की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2019 के आम चुनाव के पहले दो चरणों में देश की जनता ने जिस उत्साह के साथ मतदान किया है और देशभर से जो सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं उससे स्पष्ट लग रहा है कि वे नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। पश्चिम बंगाल में भी प्रथम दो चरणों में औसतन 81 प्रतिशत मतदान हुए हैं और मतदान के रुझान से स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रचंड लहर है और प्रदेश की जनता प्रदेश में एक बड़ा परिवर्तन करने जा रही है।

श्री शाह ने कहा कि एक और **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए देश की सुरक्षा के प्रति स्पष्ट नीति घोषित करके और पिछले 5 सालों में इसका कार्यान्वयन करके आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को जमीन पर उतारने में सफल रही है।** हमने अपने संकल्प पत्र में भी इस नीति को और दृढ़ता के साथ आगे बढाने का वादा देश की जनता से किया है। दूसरी ओर, बिखरा विपक्ष अपनी वोट बैंक राजनीति की खातिर, देश की सुरक्षा जैसे अहम् मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि ऐसे मसले, जिसका जवाब देश की जनता चाहती है उसपर कोई स्पष्ट नीति या वादे लेकर विपक्ष जनता के बीच में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के घोषणा पत्र का जब विश्लेषण करते हैं तो उसमें देश की सुरक्षा को लेकर घोर अभाव दिखाई पड़ता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नेतृत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रही है। **पिछले 5 सालों में देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी के कुशल, निर्णायक, पारदर्शी और संवेदनशील नेतृत्व क्षमता को अनुभव किया और उसे स्वीकारा भी है। देश की सुरक्षा के लिए कठोर फैसले लेने, देश के अर्थतंत्र को पटरी पर लाने और भ्रष्टाचार को नेस्तनाबूद करने का नेतृत्व करने वाला व्यक्तित्व नरेन्द्र मोदी के रूप में आज भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के पास है। दूसरी और, विपक्ष के पास नेतृत्व का अभाव है। विपक्ष का न नेता स्पष्ट है और न नीति।**

श्री शाह ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए एनडीए सरकार ने पिछले 5 सालों में, परिणामोन्मुखी काम समाज के निचले तबके के लोगों के लिए किया है जिससे देश के 50 करोड़ गरीबों के समक्ष एक स्पष्ट संदेश गया है। हमारे संकल्प पत्र में भी इस बात को रेखांकित किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी की बनने वाली नयी सरकार गरीब कल्याण नीति को और तेज गति से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि **जब 2022 में देश की आजादी के 75 वें साल पूरे होंगे, देश में एक भी व्यक्ति, एक भी परिवार ऐसा नहीं**

**होगा जिसके पास घर, बिजली, गैस, पीने का पानी, शौचालय न हो** और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि **एक ओर, पिछले 5 सालों में एनडीए सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए किये गए ठोस काम हैं तो दूसरी ओर विपक्ष के केवल और केवल खोखले वादें हैं और इसके बीच देश की जनता को निर्णय करना है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 5 सालों में देश के सम्मान को विश्व में सर्वोच्च स्थान पर ले जाने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। इसके लिए हम अपने संकल्प पत्र में भी एक ठोस रोडमैप लेकर देश की जनता के समक्ष गए है। दूसरी ओर, बिखरा विपक्ष, वोट बैंक की राजनीति तथा केवल और केवल सत्ता प्राप्ति की चिंता के इर्द-गिर्द घूमता इनका घोषणापत्र उलझा हुआ दिखाई पड़ता है। हमने अपने घोषणा पत्र में सशक्त लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनकी सहयोगी एनडीए एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके अन्दर आतंरिक लोकतंत्र आज भी बरकरार रखा है। जिन पार्टिया में आतंरिक लोकतंत्र नहीं होता वो पार्टियाँ देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान नहीं कर सकती। बिखरे विपक्ष में शामिल हर पार्टी परिवारवाद से ग्रस्त है। अपने परिवार के लोगों को ही सत्ता में आसीन करना इनका चुनावी अजेंडा है। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मसलों पर भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट नीति लेकर आई है **चाहे वह आतंकवाद हो, चाहे एनआरसी हो, चाहे सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल हो, चाहे धारा 370 और 35 ए हटाने की बात हो- हमारी इन मुद्दों पर क्रिस्टल क्लियर पॉलिसी है। आतंकवाद के प्रति जीरो टोलेरेंस की नीति को हम आगे बढ़ाएंगे, एनआरसी को पूरे देश भर में कार्यान्वित करके राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल रजिस्टर्स ऑफ़ सिटीजंस की रचना करेंगे। सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल के तहत आस-पास के देशों से धार्मिक मतावलंबी जो शरणार्थी बनकर देश में आये हैं, इन्हें नागरिकता देने की दिशा में भी हमने प्रतिबद्धता दोहराया है। बांग्लादेशी शरणार्थी, चाहे वो हिन्दू हो, बौद्ध हो, सिख हो, जैन हो, क्रिश्चियन हो- इन सबों को नागरिकता देने का स्पष्ट संकेत हमने अपने संकल्प पत्र में दिए हैं। धारा 370 और 35 ए के लिए भी हमने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार बनने के बाद इन दोनों के उन्मूलन के लिए प्रभावी कदम उठाएगी।**

श्री शाह ने पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार को निशाना लेते हुए कहा कि **पश्चिम बंगाल के दो चरणों के मतदान के बाद ममता बनर्जी की बौखलाहट और उनकी हार स्पष्ट नजर आ रही है। इसी हताशा में ममता बनर्जी कभी चुनाव आयोग तो कभी केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही हैं। पश्चिम बंगाल के अन्दर सभी लोकतांत्रिक मूल्यों का दमन करने वाली ममता बनर्जी आज यदि लोकतंत्र की बात कर रही हैं तो सुनकर अच्छा लग रहा है कि कम से कम आज उन्हें लोकतंत्र की याद तो आ रहा है।** स्थिति ऐसी बन गयी है कि **हमारी रैलियों को अनुमति नहीं दी जा रही। हमारे नेताओं के हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति न देने वाली ममता बनर्जी की ऐसी स्थिति हो गयी है कि उनकी रैली को जनता अनुमति नहीं दे रही है, कई जगह उन्हें रैलियाँ रद्द कर पैदल मार्च करने को विवश होना पड़ा है क्योंकि उनकी रैली में भीड़ नहीं जुट पा रही है। ममता बनर्जी ने मतदाताओं के बीच भय का माहौल पैदा करने का प्रयास किया है, लेकिन मैं पश्चिम बंगाल के मतदाताओं का धन्यवाद करना और उन्हें आश्वासन देना चाहता हूँ कि चुनाव आयोग के तत्वाधान में पक्षपातरहित चुनाव हो रहा है, किसी को डरने की जरुरत नहीं है और अपने मतों की अभिव्यक्ति वे डरे बगैर बेख़ौफ़ करें।** हर जगह सुरक्षाकर्मी और भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र के प्रहरी बनकर खड़ी है अतः टीएमसी द्वारा

जो भय का माहौल बनाया गया है उसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए पश्चिम बंगाल के मतदाता, खासकर ग्रामीण मतदाता, बेख़ौफ़ होकर अपना मत अभिव्यक्त करें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मैं ममता दीदी से सहमत हूँ कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल का नहीं बल्कि देशभर का चुनाव है लेकिन पश्चिम बंगाल के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में क़ानून-व्यवस्था की लचर स्थिति बना रखी है उससे यहाँ की जनता को लगने लगा है कि कम्युनिस्ट इनसे कहीं बेहतर थे। **ममता बनर्जी की वोट बैंक राजनीति के तहत तुष्टिकरण की नीति ने पश्चिम बंगाल की संस्कृति को तहस-नहस करने का काम किया है। पुलिस और नौकरशाह लोकतंत्र के अपने दायित्व को छोड़कर राजनेता की भूमिका में आ गए हैं। राजनेता मौन हैं और पुलिस-नौकरशाह ही व्यवस्था चला रहे हैं, यहाँ की बाबूशाही पश्चिम बंगाल के लोकतंत्र को हड़प गयी है। नारदा, शारदा और सिंडिकेट राज ने पश्चिम बंगाल में जो भ्रष्टाचार का माहौल बनाया है उससे पश्चिम बंगाल की जनता त्रस्त है।** पश्चिम बंगाल में बुनियादी ढाँचे का विकास नगण्य है, औद्योगिक विकास भी निम्नतम स्तर पर पहुँच गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश को टॉप 5 अर्थव्यवस्था वाला देश बनाना है, सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में देश को और आगे बढ़ाना है, देश के अन्दर बुनियादी ढांचा बढ़ाना है, देश में गरीबी उन्मूलन करना है लेकिन पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र बचाने के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। पश्चिम बंगाल में घुसपैठिये की समस्या को ममता बनर्जी समाप्त नहीं कर सकती। पश्चिम बंगाल से घुसपैठिये को निकालने का काम सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। पश्चिम बंगाल में करोड़ों के तादाद में जो शरणार्थी आये हैं, उन्हें नागरिकता देकर सम्मान दिलाना है तो वह काम केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। बॉर्डर पर गो तस्करी और नशीले दवाओं की तस्करी यदि कोई रोक सकती है तो ऐसी राजनीतिक प्रतिबद्धता वाली पार्टी केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी है। सरस्वती पूजा और दुर्गा पूजा का आयोजन सम्मान के साथ वापस लाने का काम भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के मोह के बगैर पश्चिम बंगाल की संस्कृति को पुनर्जीवित कर विश्व और भारत में उसे गौरव का स्थान दिलाने का काम केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के समय जीडीपी में पश्चिम बंगाल का जो योगदान था उस विकसित पश्चिम बंगाल की पुनर्वापसी का काम भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। पिछले 5 वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। पश्चिम बंगाल में 2-6 लेन सड़क की सुविधा लगभग 800 किमी बढाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है जिसके लिए 10,000 करोड़ रूपये व्यय किये गए हैं। 2,500 किमी ग्रामीण सड़कों के निर्माण का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार ने किया है जिसके लिए 1200 करोड़ रूपये व्यय किये गए हैं। 68 साल पुराना भारत-बांग्लादेश सीमा विवाद को हल करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया जिससे लाखों लोगों को राहत मिली है। कोलकाता के मेट्रो प्रोजेक्ट पर 12 हजार 5 सौ करोड़ रूपये का परिव्यय किया गया है। स्वामी विवेकानंद ट्रेन की शुरुआत की गयी है। अक्तूबर 2014 में विशेष तीर्थयात्री पर्यटन ट्रेन की शुरुआत की गयी। 2015 में 500 मेगावाट का एक सोलर पार्क नरेन्द्र मोदी सरकार ने बनवाया।

केंद्रीय सहायता से हावड़ा, न्यू टाउन कोलकाता, मध्यमग्राम में **2** सोलर सिटी विकसित करने का काम हो रहा है। बर्नपुर स्थित ईस्को स्टील प्लांट का आधुनिकीकरण और उसका विस्तार किया गया है। सागर माला के **40** प्रकल्प के माध्यम से पूरे पश्चिम बंगाल को एक विकसित पश्चिम बंगाल बनाने की दिशा में हम आगे बढे हैं। जल मार्ग विकास परियोजना के तहत नेशनल वाटर वे इलाहाबाद से हल्दिया तक मंजूर किया गया है। ताजपुर, पूर्व मेदिनीपुर में न्यू डीप सी पोर्ट बनाने और हल्दिया एवं कोलकाता पोर्ट को आधुनिक बनाने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने शुरू किया है। दुर्गापुर-हल्दिया एक्सप्रेस वे नरेन्द्र मोदी की सरकार ने स्वीकृत किया है। कोलकाता पोर्ट से रोड कनेक्टिविटी भी बढाने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने जिस आयुष्मान योजना के तहत देश के **50** करोड़ गरीब परिवारों को **5** लाख रूपये तक का स्वास्थ्य खर्च उठाने का बीड़ा उठाया है उस योजना से पश्चिम बंगाल के गरीबों को वंचित रखने का काम ममता बनर्जी की टीएमसी सरकारं ने किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए तो निर्णायक है ही, पश्चिम बंगाल के अन्दर लोकतंत्र को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए भी यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे भयरहित होकर अपना मत अभिव्यक्त करें, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का समर्थन कर सोनार पश्चिम बंगाल के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दें और हम भरोसा दिलाना चाहते हैं कि टैगोर, विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस, श्यामाप्रसाद मुखर्जी की कल्पना का पश्चिम बंगाल हम बनायेंगे। आपने एक लम्बा समय कांग्रेस, कम्युनिस्टों और ममता दीदी को दिया है। आजादी के बाद से पश्चिम बंगाल का विकास थमा पड़ा है, अतः एक मौका भारतीय जनता पार्टी को दें, हम सोनार पश्चिम बंगाल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**(महेंद्र पांडेय)**

कार्यालय सचिव